2018/00856
क्रमांक निर्णीत

राजस्व लोक अदालत केम्प कोरणा तहसील पचपदरा

न्यायालय सहायक कलेक्टर (एस.डी.ओ.) बालोतरा

पीठासीन अधिकारी : श्री भागीरथ राम, आर.ए.एस मुकदमा न0 59 / 2018

वादी :– 1. कुंजबिहारी पुत्र कल्याणदास जाति उम्र 74 वर्ष जोशी निवासी कोरणा हाल कांकरोली, राजसमन्द

बनाम

प्रतिवादी :– 1 खुशीलाल पुत्र कल्याणदत कौम ब्राहम्ण जोशी, रणवीर दत वगै0

88 आर.टी.ए <u>दावा बाबत घोषणा</u>

निर्णय दिनांकः–10.05.2018

वादी ने यह वाद पत्र अन्तर्गत धारा 88 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 के अन्तर्गत राजस्व लोक अदालत न्याय आपके द्वार ग्राम पंचायत कोरणा में प्रस्तुत की गई है।

वादी ने वाद पत्र में सक्षिप्त प्रकरण रूप से जाहिर किया कि ग्राम कोरणा के ख0न0 1523/747 रकबा 15 बीघा ग्राम ओपजी की ढाणी के ख0न0 930 रकबा 35.04 बीघा गंगावास के ख0न0 577 रकबा 106.07 बीघा में वादी कुंजबिहारी ने ग्राम कोरणा, ओपकी की ढाणी व गंगावास के राजस्व रेकर्ड में दर्ज अशुद्व नाम खुशीलाल की जगह कुंजबिहारी पुत्र कल्याणदास जोशी को शुद्ध करने का निवेदन किया है।
जिस पर उपस्थित उक्त वाद पत्र के संबंध मे पटवारी कोरणा/ आर.आई मण्डली की संयुक्त रिपोर्ट प्राप्त की गई।

पत्रावली व पत्रावली के संलग्न दस्तावेज का अवलोकन व अध्ययन किया गया । वादी के प्रस्तुत वादपत्र के साथ प्रस्तुत दस्तावेज आधार कार्ड, पहचान पत्र व पटवारी कोरणा/ आर. आई मण्डली/ की संयुक्त रिपोर्ट का अवलोकन किया गया जिसके अनुसार ग्राम कोरणा के ख0न0 1523/747 रकबा, 15 बीघा ग्राम ओपजी की ढाणी के ख0न0 930 रकबा 35.04, गंगावास के ख0न0 577 रकबा 106.07 बीघा में वादी कुंजबिहारी ने ग्राम कोरणा, ओपकी की ढाणी व गंगावास के राजस्व रेकर्ड में दर्ज अशुद्व नाम खुशीलाल नाम दर्ज है। जब कि अन्य सरकारी दस्तावेज में कुंजबिहारी पुत्र कल्याणदास दर्ज है।
अतः वादी का वाद पत्र स्वीकार किया जाकर आदेश दिया जाता है ग्राम कोरणा के ख0न0 1523/747 रकबा 15 बीघा, ग्राम ओपजी की ढाणी के ख0न0 930 रकबा 35.04 बीघा, गंगावास के ख0न0 577 रकबा 106.07 में वादी का नाम खुशीलाल के स्थान पर कुंजबिहारी पुत्र कल्याणदास नाम दर्ज करने का आदेश दिया जाता है।

आदेश राजस्व लोक अदालत न्याय आपके द्वार में सुनाया गया ।
पत्रावली फैसल सुमार होकर के दाखिल दफतर हो ।

(भागीरथ राम)
पीठासीन अधिकारी लोक अदालत/कोर्ट कैम्प-2018
उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलेक्टर
बालोतरा कैम्प.....................

Scanned by CamScanner